# बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

## विज्ञापन संख्या 05/2019 के अन्तर्गत सहायक वन संरक्षक के पदों पर नियुक्ति हेतु दिनांक 13.12.2021 को संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना में सम्पन्न शारीरिक जाँच परीक्षा एवं दिनांक 10.01.2022 को बिहार लोक सेवा आयोग, पटना में सम्पन्न चिकित्सकीय जाँच परीक्षा के आधार पर सफल उम्मीदवारों का विस्तृत साक्षात्कार कार्यक्रम एवं निदेश

विज्ञापन संख्या – 05/2019 के अन्तर्गत सहायक वन संरक्षक के पदों पर नियुक्ति हेतु लिखित परीक्षा में सफल 82 उम्मीदवारों की शारीरिक जाँच परीक्षा दिनांक 13.12.2021 को संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना में सम्पन्न हुई। उक्त शारीरिक जाँच परीक्षा के आधार पर सफल पाये गये 58 उम्मीदवारों की चिकित्सकीय जाँच परीक्षा दिनांक 10.01.2022 को बिहार लोक सेवा आयोग, पटना में सम्पन्न हुई जिसमें एक उम्मीदवार, अनुक्रमांक – 101258 अनुपस्थित रहे।

आयोग, शारीरिक जाँच परीक्षा में सफल एवं चिकित्सकीय जाँच परीक्षा के आधार पर Fit पाये गये शेष निम्नांकित 57 उम्मीदवारों को सफल घोषित करते हुए साक्षात्कार हेतु आमंत्रित करता है। उनका साक्षात्कार कार्यक्रम निम्नवत् है:–

| दिन एवं दिनांक | प्रथम पाली (समयः 10:30 बजे पूर्वाह्न से) उम्मीदवारों का अनुक्रमांक | द्वितीय पाली (समयः 2:30 बजे अपराह्न से) उम्मीदवारों का अनुक्रमांक |
|---|---|---|
| गुरूवार 10.02.2022 | 100062, 100063, 100078, 100127, 100196, 100234, 100245, 100328, 100369, 100437 | 100439, 100488, 100510, 100517, 100522, 100528, 100535, 100586, 100592, 100599 |
| शुक्रवार 11.02.2022 | 100603, 100624, 100696, 100729, 100861, 100874, 100889, 100902, 100930, 101019 | 101036, 101084, 101125, 101216, 101230, 101250, 101257, 101265, 101275, 101278 |
| शनिवार 12.02.2022 | 101396, 101401, 101457, 101458, 101476, 101505, 101543, 101557, 101563, 101632 | 101647, 101659, 101677, 101680, 101739, 101762, 101788 |

2. उपर्युक्त उम्मीदवारों के साक्षात्कार पत्र **साक्षात्कार की निर्धारित तिथि के एक सप्ताह पूर्व** से आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध रहेंगे, जिसे उम्मीदवार अपना अनुक्रमांक डालकर डाउनलोड कर सकते हैं। **साक्षात्कार पत्र डाक द्वारा नहीं भेजा जायेगा। उक्त वेबसाईट पर आवेदन पत्र का सार प्रपत्र–I भी उपलब्ध रहेगा, जिसे उम्मीदवार द्वारा भरकर साक्षात्कार के दिन लाना अनिवार्य है।**
3. **साक्षात्कार के दिन उम्मीदवारों को मूल विज्ञापन एवं साक्षात्कार पत्र में उल्लिखित अपनी योग्यता सम्बन्धी निम्नांकित मूल (Original) प्रमाण पत्र सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा एवं इन सभी की दो स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति भी साथ में लाना अनिवार्य होगा:–**

   (i) जन्म तिथि के साक्ष्य हेतु मैट्रिक उत्तीर्णता का प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र।

   (ii) स्नातक का अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र।

   (iii) वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी के रूप में वनों के क्षेत्र पदाधिकारी के लिये सम्वर्ग नियमावली के विहित प्रशिक्षित उम्मीदवार की दशा में अपने नियंत्री पदाधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र।

   (iv) पिछड़ा वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी के लिए क्रीमीलेयर रहित प्रमाण पत्र (महिला उम्मीदवारों के लिए पिता के नाम एवं पता से निर्गत क्रीमीलेयर रहित प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है)।

   (v) पिछड़ा वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी के लिए क्रीमीलेयर रहित घोषणा पत्र (विगत 1 वर्ष से पूर्व का होने पर)।

   (vi) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए जाति प्रमाण पत्र (महिला उम्मीदवारों के लिए पिता के नाम एवं पता से निर्गत जाति प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है)।

   (vii) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए स्थायी निवास प्रमाण पत्र (महिला उम्मीदवारों के लिए पिता के नाम एवं पता से निर्गत निवास प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है)।

   (viii) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) का दावा करने वाले आवेदक, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार के अधिसूचना संख्या–2622, दिनांक 26.02.2019 के आलोक में विहित प्रपत्र में सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र।

   (ix) राज्य सरकार के अधीन किसी पद पर नियुक्त हों, तो साक्षात्कार में भाग लेने हेतु विभागीय अध्यक्ष/सक्षम प्राधिकार की अनुमति से संबंधित पत्र (सिर्फ बिहार राज्य के स्थायी कर्मियों के लिए)।

   (x) महाविद्यालय/संस्थान, जहाँ से उम्मीदवार ने अंतिम अध्ययन किया हो, द्वारा निर्गत चरित्र एवं आचरण प्रमाण पत्र।

   (xi) पहचान पत्र (फोटोयुक्त)।

   (xii) दो पासपोर्ट साईज के अद्यतन फोटोग्राफ (Recent Photograph)।

**योग्यता सम्बन्धी प्रमाण पत्र वही मान्य होंगे, जिनका उल्लेख उम्मीदवार ने अपने मूल आवेदन पत्र में किया है। योग्यता से सम्बन्धित प्रमाण पत्र के निर्गत होने की तिथि, आयोग कार्यालय में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि (04.10.2019) के पूर्व का ही होना आवश्यक है।**

**यदि आप अपनी आयु, शैक्षिक योग्यताओं, जाति/कोटि, आयु में रियायत आदि के समर्थन में अपने साक्षात्कार के दिन मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करते हैं तो इसके लिए कोई भी अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा। ऐसे उम्मीदवारों की अर्हता के सम्बन्ध में यथासमय समुचित निर्णय लेने के लिए आयोग स्वतंत्र होगा।**

4. **सभी उम्मीदवार अपने साक्षात्कार के दिन साक्षात्कार पत्र के अलावे अपना एक फोटोयुक्त पहचान पत्र, यथा–मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस, इत्यादि मूल में एवं इसकी एक स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अपने साथ अनिवार्य रूप से लाना सुनिश्चित करेंगे।**
5. कोरोना संक्रमण की स्थिति को नियंत्रण में रखने हेतु गृह विभाग (विशेष शाखा), बिहार के द्वारा जारी आदेश के आलोक में उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे **कोविड टीका प्राप्त (vaccinated) प्रमाण पत्र** के साथ साक्षात्कार के लिए उपस्थित हों।
6. सम्बन्धित उम्मीदवार, उपर्युक्त साक्षात्कार कार्यक्रमानुसार आयोग कार्यालय में निर्धारित तिथि को साक्षात्कार हेतु निर्धारित समय से 1½ घण्टा पूर्व उपस्थित होंगे।

18.1.22

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना